**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**मौखिक प्रश्न संख्या: 126**
**गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**उड़ान योजना के तहत विमानपत्तनों का विकास**

*126. **श्री बिद्‌युत बरन महतोः**

**डॉ शिवाजी बंडाप्पा कालगेः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उड़ान योजना के तहत धालभूमगढ़ विमानपत्तन के विकास से संबंधित कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके तहत क्या प्रगति हुई है;

(ख) उक्त विमानपत्तन के विकास से संबंधित कार्य को पूरा होने में कितना समय लगने की संभावना है और इसके किस तारीख तक पूरा होने का अनुमान है;

(ग) क्या सरकार 'उड़ान' योजना का विस्तार करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो उक्त योजना को कुल कितनी अवधि के लिए बढ़ाया गया है;

(ङ) महाराष्ट्र सहित देश भर में उक्त योजना के तहत वर्तमान में कुल कितने शहर सम्मिलित किए गए हैं; और

(च) महाराष्ट्र में उक्त योजना के अंतर्गत सम्मिलित ऐसे शहरों को प्रदान की जा रही विमान सेवाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)**

(क) से (च): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**"उड़ान योजना के तहत विमानपत्तनों का विकास" के संबंध में श्री बिद्युत बरन महतो और डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 13.02.2025 के मौखिक प्रश्न संख्या 126 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) और (ख): झारखंड में धालभूमगढ़, बोली प्रक्रिया के लिए उड़ान दस्तावेज में असेवित हवाईअड्डों की सूची में उपलब्ध है। योजना के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के पांच दौर पूरे होने तक, अब तक किसी भी एयरलाइन बोलीदाता ने झारखंड के धालभूमगढ़ हवाईपट्टी से आरसीएस उड़ानें परिचालित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। उड़ान एक बाजार-संचालित चल रही योजना है, जिसमें और अधिक गंतव्यों/स्टेशनों और मार्गों को कवर करने के लिए समय-समय पर बोली प्रक्रिया आयोजित की जाती है। इच्छुक एयरलाइनें विशेष मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर उड़ान योजना के अंतर्गत बोली लगाने के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। कोई हवाईअड्डा जो उड़ान योजना के लिए आवंटित मार्गों में शामिल हो और जिसे उड़ान परिचालन आरंभ करने के लिए उन्नयन/विकास की आवश्यकता हो, उसे 'असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार' योजना के अंतर्गत विकसित किया जाता है। यदि कोई एयरलाइन भावी बोली प्रक्रिया में धालभूमगढ़ हवाईपट्टी को जोड़ने वाली आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए वैध प्रस्ताव प्रस्तुत करती है, तो उस पर उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा।

हालांकि, धालभूमगढ़ हवाईअड्डे को विकसित करने के लिए वर्ष 2019 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और झारखंड सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे और धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड नामक एक संयुक्त उद्यम का गठन किया गया था। झारखंड सरकार द्वारा वन और वन्यजीव क्लियरेंस प्राप्त की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा एएआई को बाधा मुक्त भूमि सौंपे जाने के पश्चात भारतीय विमानपत्ल प्राधिकरण हवाईअड्डे का विकास शुरू कर देगा।

(ग) और (घ): जी हां, सरकार ने 10 वर्ष की अवधि के लिए संशोधित उड़ान योजना आरंभ करने की घोषणा की है।

(ङ) और (च): आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के पांच दौर पूरे हो चुके हैं और आज की तारीख तक देश भर में 88 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों (13 हेलीपोर्टों और 2 वॉटर एयरोड्रोमों सहित) को जोड़ने वाले 619 आरसीएस मार्ग परिचालित हो चुके हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत अब तक महाराष्ट्र राज्य में 06 हवाईअड्डे और 105 मार्ग प्रचालनरत हो चुके हैं। वर्तमान में प्रचालित मार्गों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

******

**अनुलग्नक**

# वर्तमान में महाराष्ट्र में आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत प्रचालित मार्ग

| क्रम संख्या | चरण | एफडब्ल्यू/एच/सी प्लेन | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | कांडला |
| 2. | 1 | फिक्स्ड-विंग | कांडला | मुंबई |
| 3. | 1 | फिक्स्ड-विंग | नांदेड़ | हैदराबाद |
| 4. | 1 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | नांदेड़ |
| 5. | 2 | फिक्स्ड-विंग | नासिक | दिल्ली |
| 6. | 2 | फिक्स्ड-विंग | दिल्ली | नासिक |
| 7. | 2 | फिक्स्ड-विंग | कोल्हापुर | बैंगलोर |
| 8. | 2 | फिक्स्ड-विंग | बैंगलोर | कोल्हापुर |
| 9. | 2 | फिक्स्ड-विंग | कोल्हापुर | हैदराबाद |
| 10. | 2 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | कोल्हापुर |
| 11. | 2 | फिक्स्ड-विंग | नासिक | अहमदाबाद |
| 12. | 2 | फिक्स्ड-विंग | अहमदाबाद | नासिक |
| 13. | 2 | फिक्स्ड-विंग | नासिक | हैदराबाद |
| 14. | 2 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | नासिक |
| 15. | 2 | फिक्स्ड-विंग | नासिक | अहमदाबाद |
| 16. | 2 | फिक्स्ड-विंग | अहमदाबाद | नासिक |
| 17. | 2 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | प्रयागराज |
| 18. | 2 | फिक्स्ड-विंग | प्रयागराज | मुंबई |
| 19. | 2 | फिक्स्ड-विंग | कोल्हापुर | हैदराबाद |
| 20. | 2 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | कोल्हापुर |
| 21. | 2 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | दरभंगा |
| 22. | 2 | फिक्स्ड-विंग | दरभंगा | मुंबई |
| 23. | 2 | फिक्स्ड-विंग | नासिक | हैदराबाद |

| क्रम संख्या | चरण | एफडब्ल्यू/एच/सी प्लेन | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 24. | 2 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | नासिक |
| 25. | 2 | फिक्स्ड-विंग | कोल्हापुर | तिरुपति |
| 26. | 2 | फिक्स्ड-विंग | तिरुपति | कोल्हापुर |
| 27. | 3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | बेलगाम |
| 28. | 3 | फिक्स्ड-विंग | बेलगाम | मुंबई |
| 29. | 3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | दुर्गापुर |
| 30. | 3 | फिक्स्ड-विंग | दुर्गापुर | मुंबई |
| 31. | 3 | फिक्स्ड-विंग | जलगांव | मुंबई |
| 32. | 3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | जलगांव |
| 33. | 3 | फिक्स्ड-विंग | कोल्हापुर | मुंबई |
| 34. | 3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | कोल्हापुर |
| 35. | 3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | बेलगाम |
| 36. | 3 | फिक्स्ड-विंग | बेलगाम | मुंबई |
| 37. | 4 | फिक्स्ड-विंग | गोंदिया | हैदराबाद |
| 38. | 4 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | गोंदिया |
| 39. | 3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | केशोद |
| 40. | 3 | फिक्स्ड-विंग | केशोद | मुंबई |
| 41. | 3 | फिक्स्ड-विंग | नागपुर | बेलगाम |
| 42. | 3 | फिक्स्ड-विंग | बेलगाम | नागपुर |
| 43. | 3 | फिक्स्ड-विंग | पुणे | भावनगर |
| 44. | 3 | फिक्स्ड-विंग | भावनगर | पुणे |
| 45. | 3 | फिक्स्ड-विंग | कोल्हापुर | मुंबई |
| 46. | 3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | कोल्हापुर |
| 47. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | नागपुर | किशनगढ़ |
| 48. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | किशनगढ़ | नागपुर |
| 49. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | पुणे | किशनगढ़ |
| 50. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | किशनगढ़ | पुणे |

| क्रम संख्या | चरण | एफडब्ल्यू/एच/सी प्लेन | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 51. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | नांदेड़ | अहमदाबाद |
| 52. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | अहमदाबाद | नांदेड़ |
| 53. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | नांदेड़ | बैंगलोर |
| 54. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | बैंगलोर | नांदेड़ |
| 55. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | नांदेड़ | हिंडन |
| 56. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | हिंडन | नांदेड़ |
| 57. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | नांदेड़ | हैदराबाद |
| 58. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | नांदेड़ |
| 59. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | जलगांव | न्यू गोवा (मोपा) |
| 60. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | न्यू गोवा (मोपा) | जलगांव |
| 61. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | जलगांव | हैदराबाद |
| 62. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | हैदराबाद | जलगांव |
| 63. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | जलगांव | पुणे |
| 64. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | पुणे | जलगांव |
| 65. | 5.3 | फिक्स्ड-विंग | जलगांव | मुंबई |
| 66. | 5.3 | फिक्स्ड-विंग | मुंबई | जलगांव |
| 67. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | नांदेड़ | पुणे |
| 68. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | पुणे | नांदेड़ |
| 69. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | सिंधुदुर्ग | पुणे |
| 70. | 5.0 | फिक्स्ड-विंग | पुणे | सिंधुदुर्ग |
| 71. | 5.3 | फिक्स्ड-विंग | जलगांव | अहमदाबाद |
| 72. | 5.3 | फिक्स्ड-विंग | अहमदाबाद | जलगांव |